प्रकरण संख्या 01 / 23

## न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डनायक, गंगापुर सिटी
## पीठासीन अधिकारी—श्री रवि वर्मा

तारीख रजू 16 / 06 / 2023

राजस्थान सरकार जरिये पुलिस अधीक्षक,सवाईमाधोपुर। —सायल(प्रार्थी)

बनाम

श्री अजीम खान पुत्र शईद खान जाति मुसलमान गद्दी उम्र 21 साल निवासी गद्दी मिर्जापुर थाना उदेई मोड, गंगापुर सिटी जिला गंगापुर सिटी

——गेर सायल(अप्रार्थी)

**अभियोग—पत्र अन्तर्गत धारा 3 राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम,1975**

**निर्णय** दिनांक— 29/4/24

पुलिस अधीक्षक,सवाईमाधोपुर द्वारा यह अभियोग पत्र राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 के अन्तर्गत गैर सायल (अप्रार्थी) श्री अजीम खान पुत्र शईद खान जाति मुसलमान गद्दी उम्र 21 साल निवासी गद्दी मिर्जापुर, गंगापुर सिटी जिला गंगापुर सिटी के विरूद्व प्रस्तुत किया गया है। अभियोग पत्र के अनुसार गैरसायल (अप्रार्थी) के विरूद्व पुलिस थाना गंगापुर सिटी मे निम्न अभियोग पंजीवद्व होना बताया है।

| क.स. | मु0 नं0 | दिनांक | धारा | चार्जशीट नम्बर | दिनांक | निर्णय का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 130 / 20 | 04.08.20 | 13 RPGO | 60 | 13.8.20 | 100 रू0 जुर्माना |
| 2 | 152 / 20 | 05.09.20 | 13 RPGO | 72 | 29.9.20 | 100 रू0 जुर्माना |

उक्त पंजीवद्व आपराधिक प्रकरणो मे बाद जॉच चार्जशीट किता कर संबंधित न्यायालय मे चालान पेश किया गया। जिसमें न्यायालय द्वारा गैरसायल को 2 बार राजस्थान सार्वजनिक द्युत आध्यादेश 1949 की धारा 13 के तहत दोषी मानते हुए दण्डित किया गया हैं, गैरसायल कई वर्षो से अपराधों में लिप्त रहा है एवं रूपयों से हार जीत का दाब लगाकर सट्टे की खाईवाली करता है। गैरसायल को अब तक जुआ के मुकदमों में 2 बार सजा हो चुकी है। गैरसायल का इतना आंतक है कि आम जन इसके खिलाफ गवाही देने व रिपोर्ट करने से डरता है। गैरसायल इलाके में और आमजन को आमशान्ति से रहने के लिए खतरा एवं नुकसान दायक है। अतः गैर सायल के खिलाफ राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 के अन्तर्गत कार्यवाही की जावे।

अभियोग पत्र के साथ तालिका मे अंकित प्रथम सूचना रिपोर्ट, चार्जशीट प्रतियां प्रस्तुत की है।

अभियोग पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर गैरसायल को राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 के नियम–4 मे उल्लेखानुसार राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 के अन्तर्गत नोटिस जारी किया गया। गैरसायल जरिये अभिभाषक व असालतन उपस्थित होने पर बहस उभय पक्ष सुनी गई।

गैरसायल के खिलाफ वर्तमान में पुलिस थाना उदेई मोड, गंगापुर सिटी में 2 मुकदमें दर्ज है। जिसमें दोनों मुकदमों में गैरसायल को 100–100 रू0 के जुर्माना से दण्डित किया हुआ है। गैरसायल कई वर्षो से अपराधों में लिप्त रहा है एवं रूपयों से हार जीत का दाव लगाकर सट्टे की खाईवाली करता है। गैरसायल को अब तक जुआ के मुकदमों में 2 बार सजा हो चुकी है। गैरसायल का इतना आंतक है कि आम जन इसके खिलाफ गवाही देने व रिपोर्ट करने से डरता है। गैरसायल इलाके में और आमजन को आमशान्ति से रहने के लिए खतरा एवं नुकसान दायक है। अतः गैर सायल के खिलाफ राजस्थान गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1975 की धारा 3 के अन्तर्गत कार्यवाही की जावे।

विद्वान वकील गैर सायल ने जवाब मे अंकित तथ्यो का हवाला देते हुए बहस मे तर्क दिया कि उनवानी प्रकरण सन् 2023 से विचाराधीन है। गैरसायल जब मुकदमें दर्ज हुए उस समय गैरसायल नासमझ था। गैरसायल अब सुधर चुका है एवं गैरसायल का वर्तमान में किसी भी बदमाश से सम्पर्क नहीं है, साथ ही वकील गैर सायल ने गैरसायल के प्रति नरमी का रूख अपनाते हुए उक्त प्रकरण का निरस्तारण करने हेतु निवेदन किया है।

अभियोजन अधिकारी व विद्वान वकील गैर सायल की बहस सुनने व मनन करने तथा अभियोग पत्र पत्रावली मे उपलब्ध दस्तावेजात व साक्ष्य का भलीभांति अवलोकन करने के पश्चात मै इस निष्कर्ष पर पंहुचा हुं कि गैरसायल के खिलाफ पुलिस थाना उदेई मोड, गंगापुर सिटी में 2 मुकदमें दर्ज है । जिसमें दोनों मुकदमें में गैरसायल को 100–100 रू0 के जुर्माना से दण्डित किया हुआ है। राजस्थान लोक द्यूत क्रिडा अध्यादेश की धारा 13 के अर्न्तगत अपराध दो बार दोष सिद्ध होने के तदुपरान्त भी गैरसायल द्वारा द्यूत क्रिडा कृत्य कारित करने की पुनरावृत्ति की पुष्टि होती है तथा इस अभिलेखिय साक्ष्य के आधार पर गैरसायल द्वारा राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम , 1975 की धारा 2 (ख) (5) में वर्णित अपराध कारित किया जाना स्पष्टतः साबित होता है। अतः उक्त विवेचन के आधार पर मै इस निष्कर्ष पर पहूँचा हू कि:—

1. गैरसायल राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम , 1975 की धारा 2 (ख) (5) में वर्णित अपराध कारित करने का आदी है एवं गैरसायल को उक्त तालिका में अंकित 2 अपराधों में माननीय न्यायालय द्वारा 2 मुकदमों में 100—100 रू0 के जुर्माना से दण्डित किया हुआ है। अतः गैर सायल गुण्डा की श्रेणी में आता है।
2. गैरसायल की गतिविधियां एवं प्रवृतियां अनैतिक एवं दुष्प्रेरित है। जो थाना हाजा एवं गंगापुर सिटी क्षेत्र जिला गंगापुर सिटी के लिए घातक एवं खतरनाक है तथा जनसाधारण के लिए हानिप्रद व दुष्प्रेरणा से प्रेरित करने वाली है।
3. गैरसायल के विरूद्ध यह विश्वास करने के पर्याप्त आधार है कि गैरसायल जिले में राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम, 1975 की धारा 2 (ख) (5) में वर्णित आपराधिक कृत्य करने में संलिप्त है।

लिहाजा

मै रवि वर्मा , अतिरिक्त जिला दण्डनायक ,गंगापुर सिटी गैरसायल श्री अजीम खान पुत्र शईद खान जाति मुसलमान गद्दी उम्र 21 साल निवासी गद्दी मिर्जापुर, गंगापुर सिटी जिला गंगापुर सिटी को राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 की धारा 3 के अर्न्तगत गुण्डा घोषित करता हूं एवं उसे 15 दिवस की समयावधि के लिए गंगापुर जिले से निष्कासित करने का आदेश देता हूँ। थानाधिकारी पुलिस थाना उदेई मोड, गंगापुर सिटी को आदेश जारी हो कि वे आदेश प्रसारित की दिनांक से पन्द्रह दिवस पश्चात् गैरसायल को 15 दिवस की समयावधि के लिए जिला मुख्यालय करौली रहने हेतु **थानाधिकारी कुडगांव** को सुपुर्द करें। गैरसायल को सुविधाजनक मार्ग से ले जाया जावे, गैरसायल वहां निवास की जानकारी के लिए थाने में उपस्थिति देगा एवं 15 दिवस की समाप्ति से पूर्व जिला गंगापुर सिटी के किसी भी भाग में प्रवेश नहीं करेगा। निर्णय की एक प्रति पुलिस अधीक्षक गंगापुर सिटी को भेजे व एक प्रति गैरसायल को दी जावे।

निर्णय आज दिनांक **29.04.2024** को लिखाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

( रवि वर्मा )
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,
गंगापुर सिटी